# गर्मी को देखते हुए वाटर एटीएम का संधारण कर शीध्र शुरू किया जायेगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन अंतर्गत वाटर एटीएम लगाया गया है। जो वाटर एटीएम चल रहे है, उसे और व्यवस्थित किया जायेगा। कुछ वाटर एटीएम में संधारण की आवश्यकता है, उसे एजेंसी के माध्यम से संधारित करवाया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए निगम का यह प्रयास होगा कि सभी को पीने के लिए साफ पानी मिले। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर नगर निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित हो रहे वाटर एटीएम का निरीक्षण करने गये। जोन क्रं. 5 में कुल 26 वाटर एटीएम संचालित है, जिसमें से 19 में पानी का सप्लाई चालू है और 7 वाटर एटीएम खराब है। आयुक्त स्वयं पानी पीकर सेक्टर 4 पोस्ट आफिस के पास वाटर एटीएम के पानी की शुद्वता की जांच किए। बीएसएनएल से रिटायर्ड रमेश सोनी ने बताया कि इस वाटर एटीएम का पानी बहुत मीठा है। इसलिए मैं यहीं से पानी ले जाता हूॅ। निगम भिलाई का यह बहुत अच्छा प्रयास है, कि सबको पीने का शुद्व मिनरल वाटर 5 रूपये में 20 लीटर मिल रहा है। वाटर एटीएम संधारणकर्ता एजेंसी जे कल्याण ने बताया कि कई बार लोग पानी नहीं रहने पर वाटर एटीएम चालू कर देते है। इससे एयर ले लेता है, एयर निकालने में 2 से 3 घंटा लग जाता है। कभी-कभी मोटर भी जल जाता है, इसी के कारण बहुत सारे वाटर एटीएम में पानी नहीं आ रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पानी का नल, पैनल एवं अन्य सामग्री भी चोरी कर लिया गया है। इसके कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी वाटर एटीएम का एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है। जिस एटीएम में कम खराबी है, उसे पहले चालू कर दिया जायेगा। जिसमें ज्यादा समस्या है उसको भी संधारित कर चालू कर किया जायेगा।